# NOTICE - T

15-03-2024

1) सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18-03-2024 को 'भारत को जानें' विषय पर Economics & Political-science Department की ओर से एक Quiz competition का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक छात्राएं Dr. Yogita malik व Dr. Poonam Yadav के पास अपने नाम लिखवाएं

2) दिनांक 19-03-2024 को 'Ballot-Bistro' का आयोजन करवाया जाएगा। सभी इच्छुक छात्राएं प्रातः 10:30 बजे कॉलेज प्रांगण के Assembly Ground में एकत्र हो जाएं।

3) दिनांक 20-03-2024 को 'नई सरकार से छात्राओं की अपेक्षाएं' विषय पर निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक छात्राएं दिनांक 18-03-2024 तक अपना नाम लिखवाएं

04) दिनांक 21-03-2024 को social science विभाग की ओर से 'stress management' विषय पर व्याख्यान करवाया जाएगा। कॉलेज छात्राएं Seminar Hall-I में प्रातः 10:30 एकत्र हो जाएं।

साथ ही 'मेरा पहला वोट देश के नाम' विषय पर signature campaign का आयोजन किया जाएगा। सभी छात्राएं campaign में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# NOTICE

15-03-2024

कॉलेज प्रांगण में दिनांक 22 मार्च 2024 को 'होली उत्सव का आयोजन' किया जा रहा है। इस अवसर पर कॉलेज की तरफ से छात्राओं के लिए DJ music एवम् रंगों की व्यवस्था की जाएगी। उत्सव का समय प्रातः 10 बजे से 1:00 बजे तक रहेगा। सांस्कृति कार्यक्रमों में भाग लेने की इच्छुक छात्राएं डॉ० सुषमा व डॉ० पूनम यादव के पास जल्द से जल्द अपना नाम लिखवाएं।

Convener
Dr. Sushma
Dr. Poonam Yadav

Recommended. May pl. be discussed with Dr. Darshna for allowing hiring DJ.
[signature] 15/03/

4,500/-
Allowed
[signature]
15-03-2024

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# NEWS

18-03-2024

महाविद्यालय में आज Economics व Political-science विभाग की ओर से 'भारत को जानें' विषय पर Quiz Competition का आयोजन करवाया गया। Quiz Competition में Economics, भारतीय संविधान, भारत का इतिहास, भारत का भूगोल तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछे गए। Quiz में कुल 4 round करवाए गए, जिसमें एक Rapid Round भी था। Quiz में सभी कक्षाओं की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। प्रथम स्थान पर Team-B की छात्राएं रहीं। द्वितीय स्थान पर Team-C रही। छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप Cash Prize दिए गए। Quiz mastress Dr. Poonam Yadav व Dr. Yogita malik रहे। डॉ० Yogita malik ने छात्राओं को संबोधित करते हुए भविष्य में भी इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियां करवाने की बात कही।

18/03/24.

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

## NEWS

19-03-2024

महाविद्यालय में आज 'निर्वाचन साक्षरता क्लब' व सोशल साईंस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'BallOT - BistRO' का आयोजन करवाया गया। 'BallOT-Bistro में कॉलेज Ground में छात्राओं व अध्यापिकाओं ने वोट के अधिकार व चुनावों पर खुल कर चर्चा की। छात्राओं की चर्चा का मुख्य विषय 'एक देश-एक चुनाव' VVPAT, EVM, NOTA, भारत में चुनाव का आचार क्या होना चाहिए, क्या भारत में चुनावी शिक्षा आवश्यक होनी चाहिए रहा। छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर इस बात का समर्थन किया की हमें जाति, धर्म, क्षेत्र की आधार पर वोट न करके 'राष्ट्रीय हित' में वोट करना चाहिए। कुछ छात्राओं ने 'एक देश - एक चुनाव' का समर्थन करते हुए कहा की इससे हमें देश के होने वाले अनावश्यक खर्चों से छुटकारा मिलने के साथ ही साल भर चलने वाले चुनावी महौल से भी निजात मिलेगी। कुछ छात्राओं ने इसका विरोध करते हुए कहा की एक तो चुनावों की व्यवस्था मुश्किल होगी साथ ही लोकतंत्र में चुनावी महौल बने रहना आवश्यक है। छात्राओं ने NOTA के प्रावधान को अच्छी पहल बताया। निर्वाचन साक्षरता क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ० पूनम यादव ने बताया की 'BallOT - BistRO' 'Coffe - BisTRo' की Theme पर छात्राओं को चुनाव पर खुल कर चर्चा करने का Platform उपलब्ध करवाता है। डॉ० Yogita malik ने Month में इस तरह की एक गतिविधि करवाने की बात कही। Bistro में डॉ० सुषमा, डॉ० मिनाक्षी डॉ० सुमित (Convener) ने बढ़-चढ़कर चुनावी चर्चा की।

[redacted]
Principal
Kanya Mahavidyalaya
[redacted]arkhoda, Sonipat

# NEWS

21-03-2024

महाविद्यालय में आज 'निर्वाचन साक्षरता क्लब' के नोडल अधिकारी डॉ० पूनम यादव व Convener श्री सुमित कुमार के नेतृत्व में 'मेरा पहला वोट देश के नाम' अभियान के तहत 'हस्ताक्षर अभियान' चलाया गया। अभियान का उद्देश्य चुनावों में युवाओं की सार्वभौमिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करना था। नोडल अधिकारी डॉ० पूनम यादव ने बताया की 'मेरा पहला वोट देश के नाम' अभियान आने वाले लोकसभा चुनावों में मतदाताओं का रुझान बढ़ाने हेतु चुनाव आयोग व शिक्षा मंत्रालय की पहल पर उच्च शिक्षण संस्थानों में आयोजित किया जाने वाला अभियान है। हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य छात्राओं को मतदान की अहमियत, विकल्पों में चयन, वोट डालने की प्रतिज्ञा करवाना। युवा भारत देश के भविष्य हैं, तथा इस तरह की गतिविधियां चुनावों के प्रति उनका रुझान दिखाती हैं। अभियान के दौरान छात्रा रिया, पारुल, मिताली, दिक्षा, साक्षी, कुसुमलता आदि ने कहा कि वो पहली बार अपने मतदान का प्रयोग करने जा रही हैं, तथा इसके लिए वो बहुत उत्साहित हैं। इस अभियान में कॉलेज की लगभग सभी छात्राओं ने भागीदारी की। इस दौरान डॉ० योगिता मलिक, डॉ० सुमिता, डॉ० सुषमा, डॉ० मीनाक्षी आदि स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

1) Quiz Competition

Team - A

1) Kusum Kusum (Received)
2) Vinita Vinita (Received)
3) Tannu Tanny (Received)

Team - B

1) Parul Parul (received)
2) Anshu Anshu (received)
3) Shivani Shivani (received)

Team - C

1) Riya Riya (received)
2) mitali Mitali (received)
3) Shakshi Sakshi (recieved)

(2) Ballot - Bistro:

1) Riya B.A.III - 2152 Riya (recieved)
2) Shakshi - B.A-III - 2003 Sakshi (recieved
3) Muskan - B.A.III - 2008 Muskan (recieved
4) Diksha - B.A.III - 2022 Diksha (received
5) Parul - B.A.III - 2098 Parul (received)
6) Anshu - B.A.III - 2150 Anshu (Received

3) Debate competition:

1) Riya Riya (recieved)
2) Shakshi Sakshi (recieved)
3) Parul Parul (received)

4) <u>Poster making competition</u>

1) Riya Riya. (recieved)
2) Shakshi Sakshi (reciev[illegible]
3) Diksha Diksha (received)

5) Speech & Essay writing compt:

1) Riya Riya. (recieved)
2) Diksha Diksha (received)
3) muskan Muskan (received)
4) Shakshi Sakshi (recieved)
5) Parul Parul (recieved)
6) Anshu Anshu. (received).

Yogita
5/04/2024

Poonam
05/04/2024

Rec.
[illegible] 5/4/24

# Notice

05/04/2024

दिनांक 08-04-2024 को Economics, Political science department व Electoral-literacy club की ओर से 'भारत का मतदाता' विषय पर 'slogan' व 'cartoon Making competition' का आयोजन दोपहर 1 बजे सेमिनार हाल 1 में किया जाएगा। इच्छुक छात्राएं 1 बजे सेमिनार हाल में पहुंचे। cartoon व slogan के लिए paper/sheet कॉलेज से दी जायेगी। छात्राएं colours व अन्य सामग्री/material अपने साथ लेकर आएं।

डॉ योगिता
डॉ पूनम Poonam

05/04/24.

# NEWS

09-04-2024

महाविद्यालय में आज Economics, Political-science व 'Electoral Literacy club' की ओर से 'भारत का मतदाता' विषय पर स्लोगन व Cartoon making Competition का आयोजन करवाया गया। Cartoon के जरिए घर के काम अधिक होने की वजह से महिलाओं का Voting करने न जाना, ऑफिस से छुट्टी लेकर लोगों का वोटिंग बूथ पर न जाना, पैसे व अन्य लालच में आकर अपने वोट का प्रयोग करने के साथ ही आज के समय में चुनावों में जिस प्रकार गलत काम होते, उन पर कटाक्ष किया गया। साथ ही स्लोगन के माध्यम से सभी मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार का उचित व आवश्यक प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्टून प्रतियोगिता में पहले स्थान पर साक्षी B.A.III, दूसरे स्थान पर दिव्या B.A.III रही। स्लोगन प्रतियोगिता में पहले स्थान पर विनिता B.A.III व द्वितीय स्थान पर साक्षी B.A.III रही। प्रतियोगिता में लगभग 15 छात्राओं ने भाग लिया। डॉ० योगिता मलिक ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि हमें जाति, धर्म, भाषा के भेदभाव के बिना राष्ट्रीय हित में अपना मतदान करना चाहिए। नोडल ऑफिसर डॉ० पूनम यादव ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा की आप अपने आस-पास गली-मोहल्ले में लोगों को मतदान हेतु जागरूक करें, जिससे शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल हो सके। इस दौरान निर्वाचन साक्षरता क्लब के Convener डॉ० सुमित कुमार मौजूद रहे।

[signature] 9/04/2024

[signature] 09/04/24

Principal
Kanya Maha[illegible]yalaya
Kharkhoda, Sonipat

12/04/24.

## NEWS

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को कॉलेज में आज 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' व होटल मैनेजमेंट विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'गुड़ी-पड़वा' उत्सव का आयोजन किया गया। 'गुड़ी-पड़वा' के मौके पर तेलंगाना के खान-पान पर एक workshop का आयोजन करवाया गया। डॉ० योगिता मलिक ने बताया की 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत 'कन्या महाविद्यालय' कॉलेज की Paired कॉलेज 'राजकीय कन्या कॉलेज' करीमनगर है। workshop में उनके साथ जुड़कर बच्चों को 'गुड़ी पड़वा' पर बनाएं जाने वाले व्यंजन, उनको पकाने, परोसने के तरीके के बारे में बताया साथ ही उनके खाने के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप-प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात सब ने 'गुड़ी-पड़वा' का पूजन किया। उसके पश्चात कार्यशाला में श्री प्रवीन कुमार ने छात्राओं को वहां के स्थानीय व्यंजन बनाने की विधि के बारे में बताया तथा छात्राओं को वहां के व्यंजन बनाकर छात्राओं को व्यंजन बनाना सिखाया। इस वर्कशॉप में लगभग 25 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान डॉ० पूनम यादव, श्री सुमित कुमार, श्री परीक्षित, श्री राजबीर मौजूद रहे।

VK 12/04/24.
Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# NEWS

कॉलेज में आज दिनांक 30 जुलाई, 2024 को 'निर्वाचन साक्षरता क्लब' के तहत होने वाली 'SVEEP' गतिविधियों के अंतर्गत छात्राओं को 'मतदान के उचित एवं आवश्यक प्रयोग' हेतु शपथ दिलवाई गई। क्लब की नोडल अधिकारी डॉ० पूनम यादव ने छात्राओं को क्लब के तहत करवाई जाने वाली वार्षिक गतिविधियों हेतु जागरूक किया गया। साथ ही जो छात्राएं 18 वर्ष या उससे अधिक हैं, तथा जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हुआ है, उनका वोट बनवाने हेतु 'कॉलेज में 'Voter Registration Camp' लगवाने की बात कहीं गई। Convener श्री सुमित कुमार ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा की भारत लोकतांत्रिक देश है, जहां पर वोट ही आपकी ताकत है, वोट के माध्यम से आप सभी अपनी मनपसंद सरकार को चुन सकते हैं, इसलिए सभी को अपना वोट बनवाना चाहिए। इस दौरान Ist year की लगभग 45 छात्राओं ने शपथ ली।

30/07/24
Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# NEWS

कॉलेज में आज (01 अगस्त, 2024) 'निर्वाचन साक्षरता क्लब' के तहत आयोजित की जाने वाली 'SVEEP' गतिविधियों' के दूसरे दिन छात्राओं को 'online मतदान पंजीकरण' के बारे में जानकारी दी गई। Nodal अधिकारी डॉ० पूनम यादव ने छात्राओं को बताया की 18 वर्ष की आयु का कोई भी भारतीय नागरिक https://www.nvsp.in/ पर ऑनलाइन ~~फॉर्म~~ फॉर्म 6 भरकर तथा आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड करके अपना मतदान हेतु पंजीकरण करवा सकता है। साथ ही आप https://electoralsearch.in/ पर जाकर यह भी जांच सकते हैं की आप का नाम मत डालने हेतु पंजीकृत हैं या नहीं, श्री सुमित कुमार ने छात्राओं को बताया की मतदाता सुची में पंजीकरण के बिना आप वोट डालने के अधिकारी नहीं होंगी। साथ ही उन्होंने बताया की वोट आप online व offline दोनों तरीकों से बनवा सकते हैं। आने वाले समय में कॉलेज में offline Registration हेतु कैंप भी लगवाया जाएगा।

Poonam 01-08-2024

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

## NEWS

10-08-24

महाविद्यालय में लोकतंत्र के महापर्व आगामी विधानसभा चुनाव के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने हेतु 'मेरा वोट मेरा भविष्य: एक वोट की ताकत' विषय पर Poster making प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ० पूनम यादव ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि भारतीय संविधान द्वारा हमें अपने पसंद की सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है, तो हमें बहुत सोच-समझकर व आवश्यक रूप से अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। हमें ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए जो महिलाओं का सम्मान करे साथ ही उनके सशक्तिकरण हेतु प्रयास करे। Convener श्री सुमित कुमार ने छात्राओं का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां करने की बात कही। प्रतियोगिता में 22 छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दर्ज की।

for [signature] 10/8/24

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat